**प्रेस विज्ञप्ति**
**तत्काल उपयोग के लिए**

# माननीय प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात में पावरग्रिड की ₹39,300 करोड़ की लागत वाली नवीकरणीय ऊर्जा ट्रांसमिशन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

**26.05.2025, भुज:** माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी, ने आज दिनांक 26.05.2025 को विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की महारत्न कम्पनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), की दो महत्वपूर्ण पारेषण परियोजनाओं का शिलान्यास तथा एक पारेषण परियोजना का राष्ट्र को समर्पण किया, जिनकी कुल लागत 39,300 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएँ भारत के स्वच्छ ऊर्जा विजन में मील का पत्थर साबित होंगी। ये तीनों परियोजनाएं गुजरात के विद्युत पारेषण नेटवर्क को मजबूत करेंगी और खावड़ा अक्षय ऊर्जा (आरई) पार्क से बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा की निकासी को सक्षम बनाएंगी। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री, श्री मनोहर लाल, माननीय मुख्यमंत्री गुजरात, श्री भूपेंद्रभाई पटेल के साथ ही पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.के. त्यागी, और निदेशक (परियोजना) श्री वामसी राम मोहन बुर्रा भी उपस्थित थे।

## परियोजना का राष्ट्र को समर्पण

माननीय प्रधानमंत्री ने पावरग्रिड द्वारा कार्यान्वित "आईएसटीएस पार्ट-सी से एटीसी बढ़ाने के लिए गुजरात में ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार" परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया। 186 करोड़ रुपये की यह परियोजना बनासकांठा क्षेत्र में गुजरात की बिजली पारेषण प्रणाली को बढ़ाएगी और विद्युत् की मांग को पूरा करने के लिए खावड़ा आरई पार्क (जनरेटिंग स्टेशन) से पाटन, पालमपुर, मेहसाणा और अन्य क्षेत्रों सहित गुजरात के जिलों में आरई बिजली के पारेषण को सक्षम बनाएगी।

## परियोजनाओं का शिलान्यास

1. पावरग्रिड की सहायक कंपनी पावरग्रिड वतामन ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे 4200 करोड़ रुपये के निवेश वाली "चरण- III भाग बी के तहत खावड़ा आरई पार्क से अतिरिक्त 7 गीगावॉट आरई बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली" के अन्तर्गत वतामन में स्विचिंग स्टेशन की स्थापना शामिल है, जो खावड़ा पूलिंग स्टेशन - हलवद - वतामन से नवसारी (नया) तक 400 किलोमीटर के 765 केवी उच्च क्षमता वाले ट्रांसमिशन कॉरिडोर के माध्यम से खावड़ा क्षेत्र से अतिरिक्त 7 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी की सुविधा प्रदान करेगा।

2. पावरग्रिड की सहायक कंपनी पावरग्रिड वेस्ट सेंट्रल ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा चरण-V (8 गीगावॉट) के तहत गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित अक्षय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम: भाग ए का कार्यान्वयन किया जा रहा है। 35,000 करोड़ रुपये के निवेश वाली यह परियोजना गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित अक्षय ऊर्जा क्षेत्र (8 गीगावॉट) से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन योजना का हिस्सा है और इसमें गुजरात के खावड़ा से महाराष्ट्र के नागपुर के बीच लगभग 1200 किलोमीटर की एचवीडीसी ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना

शामिल है। इस एचवीडीसी प्रणाली के माध्यम से 6 गीगावॉट आरई बिजली की निकासी की जाएगी। यह गुजरात के ट्रांसमिशन कॉरिडोर को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ये अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन लाइनें पूरे भारत में हरित ऊर्जा का पारेषण करेंगी और 2030 तक भारत के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी, जिससे देश के हरित ऊर्जा ट्रांज़िशन में तेज़ी आएगी।

30 अप्रैल 2025 तक, पावरग्रिड द्वारा 5,64,961 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले 283 सब-स्टेशन और 1,80,239 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों को कमीशन कर संचालित किया जा रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के बेहतर उपयोग के साथ, पावरग्रिड ने लगातार 99.85% से अधिक ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखी है।

***जारीकर्ता:***
*केंद्रीय संचार*
*हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia*
*ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in*
*www.powergrid.in*